प्रेस नोट जनपद खीरी

दिनाँक 21.02.21

पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक महोदय के निकट पर्यवेक्षण में जनपद में अपराध नियंत्रण व अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के दौरान विगत 24 घंटे में जनपद के विभिन्न थानों द्वारा निम्न कार्यवाही की गयीः-

अवैध शराब के विरूद्ध अभियान चलाकर की गई बड़ी कार्यवाही, 920 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद कर 53 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया, लगभग 21,150 किलोग्राम लहन नष्ट किया गया

पुलिस अधीक्षक खीरी, श्री विजय ढुल के निर्देशन में आज दिनांक 21.02.2021 को संपूर्ण जनपद में अवैध शराब के निर्माण, बिक्री व परिवहन के विरूद्ध सधन अभियान चलाया गया। उक्त अभियान के अंतर्गत जनपद खीरी के समस्त थानों द्वारा कार्यवाही करते हुए 920 लीटर अवैध कच्ची शराब व शराब बनाने के उपकरण बरामद कर 53 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। साथ ही मौके पर करीब 21,150 किलोग्राम लहन भी नष्ट किया गया।

<u>अर्दली रूम सर्किल गोला एवं मोहम्मदी</u>

दिनाँक 20.02.2021 को पुलिस अधीक्षक खीरी, श्री विजय ढुल द्वारा सर्किल गोला के समस्त थानों कोतवाली गोला, थाना मैलानी व थाना भीरा एवं सर्किल मोहम्मदी के थानों मोहम्मदी, पसगवां व हैदराबाद के विवेचकों का अर्दली रुम किया गया। अर्दली रुम के दौरान महोदय द्वारा समस्त विवेचकों से लम्बित विवेचनाओं के संबंध में विस्तृत रुप से समीक्षा वार्ता करते हुये विवेचना लम्बित रखने का कारण पूछा गया एवं अकारण विवेचनाओं को लम्बित रखने वाले विवेचकों को सख्त हिदायत देते हुए विवेचनाओं का समय से निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया गया। साथ ही जनशिकायतों की सुनवाई कर तत्काल जाँच करने व विधिक निस्तारण सुनिश्चित करने हेतु भी निर्देश दिये गये।

इसके अतिरिक्त आगामी पंचायत निर्वाचन के दृष्टिगत महोदय द्वारा समस्त निरीक्षक/उपनिरीक्षकों को निर्देशित किया गया कि पिछले चुनाव के दौरान विवाद उत्पन्न कर शांति-व्यवस्था प्रभावित करने वाले व्यक्तियों को चिन्हित कर निगरानी करने एवं उनके विरुद्ध निरोधात्मक कार्यवाही सुनिश्चित की जाये। साथ ही लाइसेंसी शस्त्रों का समय से सत्यापन एवं जमा कराने की कार्यवाही आदि अन्य कार्य समयबद्ध रूप से संपन्न करने हेतु भी निर्देशित किया गया।

थाना मोहम्मदी पुलिस द्वारा सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेलते हुए 03 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया

पुलिस अधीक्षक महोदय के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक महोदय के निकट पर्यवेक्षण में संपूर्ण जनपद में अवैध क्रिया-कलापो के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत थाना मोहम्मदी पुलिस द्वारा सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेलते हुए 03 अभियुक्तों 1. रामभजन पुत्र रामचरन 2. पवन कुमार पुत्र रामप्रसाद नि0गण झखरा थाना मोहम्मदी जनपद खीरी 3. कमलेश पुत्र ओमप्रकाश नि0 नई बस्ती थाना मैगलगंज जनपद खीरी को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे से कुल 810 रुपये व 52 अदद ताश के पत्तें बरामद किए गए। उक्त बरामदगी व गिरफ्तारी के आधार पर मु0अ0सं0 86/21 धारा 13 जुआ अधि0 पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की गई।

वांछित/वारण्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी

पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी के निर्देशन मे व अपर पुलिस अधीक्षक खीरी के निकट पर्यवेक्षण में सम्पूर्ण जनपद में अपराध की रोकथाम व वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के दौरान जनपद के विभिन्न थानों द्वारा कार्यवाही करते हुए निम्नलिखित अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया-

- थाना कोतवाली सदर पुलिस द्वारा अ0सं0 104/19 धारा 452/354क/504 व 7/8 पॉक्सों एक्ट में वारंटी अभियुक्त सचिन पुत्र बाबूलाल नि0 शिवपुरी थाना कोतवाली सदर जनपद खीरी को गिरफ्तार किया गया।
- थाना फूलबेहड़ पुलिस द्वारा धारा 60 आबकारी अधि0 में वारंटी अभियुक्त मुन्नालाल पुत्र रामप्रसाद नि0 राजारामपुर थाना फूलबेहड़ जनपद खीरी को गिरफ्तार किया गया।